सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

प्रेस नोट दिनांक 13.10.2024

आत्महत्या के लिए उकसाने वाले 02 अभियुक्तों को इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना भरथना पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 22.09.2024 को वादी राजेश कुमार पुत्र ओमकार सिंह निवासी ग्राम अहिकारीपुर थाना चौबिया जनपद इटावा द्वारा थाना भरथना पर लिखित तहरीरी सूचना दी गयी कि दिनाँक 20.09.2024 को वादी के पुत्र अर्पित को विपक्षीगण कृष्णा आदि 06 नामजद व्यक्तियों द्वारा प्रताडित किया गया जिससे तंग आकर उसके पुत्र ने भरथना तुरैया नहर पुल पर निर्माणाधीन पैट्रोल पम्प के पास फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर तत्काल थाना भरथना पर मु0अ0सं0 254/2024 धारा 108 बीएनएस पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 13.10.2024 को थाना भरथना पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि मु0अ0सं0 254/2024 से संबंधित अभियुक्तगण अपने घर पर मौजूद है। सूचना पर कार्यवाही करते हुये थाना भरथना पुलिस टीम द्वारा **02 अभियुक्तों को ग्राम नगला धनी से समय 11.45 बजे गिरफ्तार किया गया।**

गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. औसान सिंह पुत्र बालादीन निवासी नगला धनी थाना भरथना जनपद इटावा **उम्र 50 वर्ष।**
2. 01 अभियुक्ता **उम्र 21 वर्ष।**

पंजीकृत अभियोगः-

मु0अ0सं0- **254/2024 धारा 108 बीएनएस** थाना भरथना जनपद इटावा।

पुलिस टीमः-निरी0 श्री देवेन्द्र कुमार सिंह प्रभारी थाना भरथना, उ0नि0 बृजनन्दन सिंह, हे0का0 गजेन्द्र सिंह व म0का0 ललिता कुमारी।